सुविचार
हम टूटते इसलिए हैं, ताकि
फिर नए आकार में ढल सकें।

कुल पेज 26 (मधुरिमा आज), मूल्य ₹ 5.00

देश का नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर
सच्ची बात, बेधड़क

झुंझुनूं, राजस्थान | बुधवार 19 नवंबर, 2025 | 12 राज्य | 61 संस्करण

सीएसआईआर-सीरी में निवारक सतर्कता पर त्रैमासिक अभियान एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन

विद्यार्थियों को स्वच्छता अभियान में योगदान के लिए भी सम्मानित किया गया

भास्कर न्यूज़ | पिलानी

सीएसआईआर-सीरी पिलानी में निवारक सतर्कता पर त्रैमासिक अभियान एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पीसी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने की। कार्यक्रम में संस्थान के वैज्ञानिकों एवं अन्य सहकर्मियों के अलावा बीकेबीआईईटी, बिरला शिशु विहार एवं सीरी विद्या मंदिर के विद्यार्थी और उनके शिक्षक उपस्थित थे। केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा नियत इस वर्ष की थीम को रेखांकित करते हुए डॉ. पंचारिया ने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष प्रत्येक क्षेत्र में सतर्कता बरतना देश के प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। समारोह के दौरान डॉ. पंचारिया ने 18 अगस्त से 17 नवम्बर 2025 की अवधि में आयोजित

पिलानी. स्टूडेंट्स का सम्मान करते निदेशक व अन्य।

विभिन्न प्रतिस्पर्धात्मक एवं जागरूकता गतिविधियों के विजेताओं को सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त सीरी विद्या मंदिर के विद्यार्थियों को स्वच्छता अभियान के दौरान उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ हिंदी अधिकारी रमेश बौरा ने आयोजन की पृष्ठभूमि से अवगत कराया और सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. सुचंदन पाल, मुख्य वैज्ञानिक एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष, ने संपूर्ण अवधि में आयोजित कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का विवरण प्रस्तुत किया और सभी प्रतिभागियों के सहयोग की सराहना की। पीएमई प्रमुख प्रमोद तंवर, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।